आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.04.2024 | समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।
- आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।
- स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए मतदान से जुड़े कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से ई वी एम को तैयार करने और इसे चालू करने का कार्य शुरू किया गया है।
- लोकसभा चुनाव से पहले द्वीपों में निगरानी और जांच के कार्य में तेजी लाई गई गई है।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सारी तैयारियां की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों की तैनाती भी की जा चुकी है। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की छः कम्पनियां तैनात की जाएगी। इनमें से दो कम्पनियां पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुकी है।

श्री बी एस जगलान से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे आज शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए कल सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव के सुचारू संचालन के लिए कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए पुलिस बल को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जांच करने का भी आग्रह किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी, ड्रग्स और शराब की आवाजाही की जांच करने और बिना किसी रोक–टोक के इसे तत्काल जब्त करने का भी निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान आम जनता को परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए । उन्होंने हवाई अडडे और बंदरगाहों पर बेहतर जांच के साथ–साथ द्वीपसमूह के बंदरगाहों में आने वाले मालवाहक जहाजों की जांच करने को भी कहा। एटीआर रोड पर चलने वाली बसों और अन्य वाहनो ंपर विशेष निगरानी रखने पर भी जोर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने द्वीपसमूह में चुनाव के सुचारू संचालन के लिए सभी एजेंसियों से सहयोग की अपील की। बैठक में मध्योत्तर अण्डमान जिला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा और निकोबार जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति कुमारी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत द्वीपसमूह का चुनाव विभाग चुनाव डयूटी में लगे कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी सिलसिले में कल फरारगंज तहसील के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान दल के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम डीब्रेट के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान ने चुनाव डयूटी में शामिल सभी कर्मियों को मतदान के सुचारू संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जानकारी दी। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए द्वीपसमूह में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों के सहयोग और सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि चुनाव के सुचारू संचालन के लिए सभी मतदान केन्द्रों में मॉक पोल अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में स्रोत विशेषज्ञ सोम नायडू ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से केन्द्रशासित प्रदेशों में चुनाव के संचालन से संबंधित पीठासीन अधिकारियों और चुनाव डयूटी में लगे अन्य अधिकारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर डॉक्टर ए. अब्राहम ने ईवीएम और वीवी पैट मशीन के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से ई वी एम को तैयार करने और इसे चालू करने का कार्य शुरू किया गया है। आई टी एफ मैदान के पीछे केन्द्रीय भंडारन गृह में मशीन को चालू करने का कार्य किया जा रहा है और इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, एजेंटो और उम्मीदवारों की उपस्थिति में भारी सुरक्षा के बीच इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जा रही है तथा चुनाव पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है, जो दो दिनों में सम्पन्न हो जाएगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुसार परीक्षा आंकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे। संशोधित दिशा–निर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने पुलिस विभाग और जमीनी निगरानी टीम को वाहनों की जांच के काम में और तेजी लाने को कहा है, ताकि सार्वजनिक या निजी कोई भी वाहनों का दुरूपयोग न हो सके और द्वीपों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराया जा सके। टीम को यह भी निर्देश दिया गया है कि वाहनों की जांच का कार्य करते हुए वृद्धजनों और चिकित्सा आपात के मामलों का विशेष ध्यान रखे। आम जनता से भी इस संबंध में जांच टीम के साथ सहयोग करने की अपील की गई है।

उधर, मध्योत्तर अंडमान ज़िले में भी जांच के कार्य में तेजी लाई गई है और जगह–जगह चेक प्वाइंट बनाकर वाहनों की जांच की जा रही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा ने बताया कि ज़िले में एम सी सी का कड़ाई से पालन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में टीम की भी तैनाती की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आगामी धार्मिक त्यौहारों को लेकर किए जा रहे बंदोबस्त तथा कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा करने के लिए द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी और दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है। आज दिन में ग्यारह बजे ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में होने वाली इस बैठक में पूजा समितियों और मस्जिद समितियों के सदस्यों को उपस्थित रहने को कहा गया है। बैठक में धार्मिक उत्सव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इस पर भी चर्चा होगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की विभिन्न विभागों के चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने तथा मतदान के दिन इस्तेमाल होने वाले ईवीएम और वीवी पैट को शुरू करने के लिए किए जा रहे कार्यों का मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के समाचार को डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने इन खबरों के अलावा सेवा निकेतन में बाल देखभाल संस्थान में पहली बार के मतदाताओं को जागरूक करने के समाचार को प्रमुखता दी है। द्वीपसमूह में लोकसभा चुनाव के मददेनजर ड्राई डे घोषित किए जाने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने के ऊपरी भाग में जगह दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा द्वीपों में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा किए जाने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द इको ऑफ इंडिया ने भी इसी खबर को प्रमुखता दी है। आईपीएल से जुड़े समाचार को इंफो इंडिया ने अपने खेल पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>